बिहार विधान परिषद

(200वां बजट सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

10 मार्च, 2022

[जल संसाधन - वित्त विभाग - श्रम संसाधन - परिवहन - लघु जल संसाधन - अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण - पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण - वाणिज्य कर - पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन - मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन - योजना एवं विकास - समाज कल्याण गृह].

Total Short Notice Question- 5

पक्कीकरण कबतक

*54 **डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या **जल संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि खगड़िया जिला मुख्यालय के बाशिंदों को बाढ़ से स्थायी निजात दिलाने हेतु नगर सुरक्षा तटबंध का निर्माण वर्षों पूर्व कराया गया था जिसका आंशिक पक्कीकरण भी हुआ था;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त प्रश्नाधीन तटबंध का वर्तमान में शहरवासियों द्वारा वैकल्पिक बाई-पास सड़क के रूप में उपयोग किया जा रहा है जो बलुवाही बस स्टैंड के पास से शुरू होकर बखरी बस स्टैंड (लगभग ढाई km) तक निर्मित है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस महत्वपूर्ण तटबंध की जर्जरता को संज्ञान में लेते हुए इसका पक्कीकरण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

कब्रिस्तान की घेराबंदी

***55 मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **गृह** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत पताही प्रखंड के लहसनिया एवं खोड़ी पाकड़ गांवों के कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं होने के कारण पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त गांवों के कब्रिस्तान की घेराबंदी कराना चाहती है ?

अतिक्रमण मुक्त कबतक

***56 श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा (विधान सभा):**

क्या **जल संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सीवान जिले के नवतन प्रखंड अंतर्गत ग्राम नरकटिया, मराछी, बाड़ासिकवाड़ा, गंभीरपुर, मिर्जापुर, पिपरपाती, महुआभूषा, भुलौनी इत्यादि सैकड़ों गांव होकर खार नदी लबदा गुजरती है;

(ख) क्या यह सही है कि इस नदी से वर्षों पहले खेतों की सिंचाई होती थी;

(ग) क्या यह सही है कि कई वर्षों से इसमें खरपतवार एवं अतिक्रमण हो जाने के कारण पानी का बहाव नहीं हो रहा है एवं खेतों का पटवन नहीं हो रहा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त नदी को खरपतवार एवं अतिक्रमण से मुक्त कराना चाहती है, नहीं तो क्यों ?

पांच गुना बढोत्तरी

***57 श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

क्या **गृह** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में साइबर अपराध के मामलों में सन् 2016 की तुलना में 2021 में पांच गुना की बढ़ोतरी हुई है;

(ख) क्या यह सही है कि साइबर अपराधी नए-नए तरीके इजाद कर जनता की गाढ़ी

कमाई को लूट रहे हैं तथा अपने ग्रुप में शिक्षित नौजवानों को भी जोड़ रहे हैं, जो राज्य के लिए चिंता का विषय है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बढ़ते साइबर अपराध के मामले को रोकने तथा नौजवानों को इससे नहीं जुड़ने हेतु कोई कारगर अपेक्षित कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

वृक्षारोपण पर विचार

*58 **डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या **पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि पर्यावरण प्रदूषण से मानव जीवन के साथ-साथ पशु-पक्षियों को भी सुरक्षित रखने हेतु सर्वश्रेष्ठ उपाय वृक्षारोपण है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार केन्द्र सरकार की रेलवे की समस्त खाली पड़ी जमीन पर इस राज्य में वृक्षारोपण हेतु प्रस्ताव प्रेषित करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?